Reg. No. | | | | | | | | | |

BCMHDL 204

Credit Based III Semester B.Com. Degree Examination, Nov./Dec. 2018
(2016 – 17 Batch Onwards Scheme)
HINDI LANGUAGE
(Group – I) (Paper – III)

Time : 3 Hours Max. Marks : 80

I. **एक** शब्द या **एक** वाक्य में उत्तर लिखिए : **(1×10 = 10)**

1) कबीर के माता-पिता का नाम लिखिए।
2) स्वर्ण हिरण के पीछे कौन दौड़ा ?
3) कृष्ण किसे ब्रज भेजता है ?
4) मीरा को विष का प्याला किसने दिया ?
5) 'ले चल वहाँ भुलावा देकर' कविता में कवि किसे संबोधित करते हैं ?
6) निराला का पूरा नाम क्या है ?
7) बहुत दिनों तक किसका घूमना-फिरना नहीं रहा ?
8) कवि की प्रतीक्षा में दरवाज़े पर कौन खड़ा है ?
9) दूर का तारा कहाँ जा रहा है ?
10) 'मास्टर' कविता में फाटक पर कौन खड़े थे ?

II. किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **(5×2 = 10)**

1) कस्तुरी कुंडलि बसै, मृग ढूँढ़ै बन मांहि।
   ऐसै घटि घटि राम है, दुनियां देखैं नांहि।।

2) पग बाँध घुंघरयां णाच्य री ।। टेक।।
   लोग कहयाँ मीरां बावरी, सासु कहां कुलनासी री।
   विष रो प्यालो राणा भेज्याँ, पीवाँ मीरां हांसी री।।

P.T.O.

3) हरि गोकुल की प्रीति चलाई ।
सुनहु उपंगसुत मोहि न बिसरत
ब्रजवासी सुखदाई ।।
यह चित होत जाऊँ मैं अबहीं,
यहाँ नहीं मन लागत ।

III. किन्हीं **दो** की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **(5×2 = 10)**

1) 'कहाँ जाएगा ?' वे गुर्राए , आँखों में
उतराई लाली
दुखरन का दिल दुखी हुआ, सुन
सूखा तू-तू सुखी गाली

2) जिस गंभीर मधुर छाया में-विश्व-
चित्र पट चल माया में
विभुता विभु-सी पड़े दिखाई
दुख - सुख वाली, सत्य बनी रे!
श्रम विश्राम क्षितिज बेला से जहाँ
सृजन करते मेला से
अमर जागरण उषा नयन से-
बिखराती हो ज्योति घनी रे !

3) आज उसे चलकर ललकारूँगा !
लडूँगा, पछाडूँगा,
काले काले उस के पंख तोड़ डालूँगा ।
लेकिन जब जाता हूँ,
पाता हूँ, उसी तरह

IV. अ) कबीर के दोहों का सार लिखिए । **(10×1 = 10)**

अथवा

तुलसीदास ने राम नाम की महिमा का वर्णन किस प्रकार किया है ? स्पष्ट कीजिए ।

आ) ' बादल राग' कविता का सार लिखकर कवि का आशय समझाइए । (10×1 = 10)

अथवा

' अकाल और उसके बाद' कविता का सार अपने शब्दों में लिखिए ।

V. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (10×2 = 20)

1) 'अपवाद' उपन्यास की कथावस्तु संक्षिप्त रूप में लिखिए ।

2) पठित उपन्यास के आधार पर अनुराग का चरित्र – चित्रण कीजिए ।

3) "अनुराग के जीवन में सब कुछ लीक से हटकर ही घटित होता रहा है" – पठित उपन्यास के आधार पर विवरण दीजिए ।

VI. किन्हीं **दो** पर टिप्पणी लिखिए : (5×2 = 10)

1) सुनील

2) यति

3) राजेश

4) कठोपनिषद की कथा ।